हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 मई 2024

11 आने वाले 4 दिनों में प्रदेश के पश्चिमी दक्षिणी जिलों में बढ़ेगा लू का प्रकोप



12 बच्चे मां के नाम लिखेंगे मन की बात, उन्हें पढ़ माता भी बयां करेगी...



# 'राव' वोट पर भाजपा की नजर, जिस विस में मिलेंगे वोट कम उस विधायक की टिकट कटेगी!

## आलाकमान की लोकल मंत्री, विधायक व नेताओं को दो टूक, 13 को महेंद्रगढ़ में धर्मबीर के साथ रहेंगे 'राव'

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में तीन जिला महेंद्रगढ़, भिवानी व दादरी है। इनमें सबसे ज्यादा मतदाता महेंद्रगढ़, फिर भिवानी व सबसे कम दादरी में है। भिवानी व दादरी में जहां जाट वोट अधिक है, वहीं महेंद्रगढ़ में राव वोट की अत्याधिक संख्या है। लोकसभा क्षेत्र में करीब चार लाख जाट वोट व करीब तीन लाख राव वोट है। जातिगत समीकरण के हिसाब से कांग्रेस ने राव दानसिंह को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने तीसरी बार चौधरी धर्मबीर पर ही दाव खेला है।

महेंद्रगढ़ में कांग्रेस की राव वोटरों पर पकड़ कम करने के लिए भाजपा रणनीति बना रही है। इस लोकसभा क्षेत्र से जुड़े हाल ही में जितने भी भाजपा के मंत्री व विधायक है, उन्हें स्पष्ट तौर पर भाजपा हाईकमान ने कह दिया है कि अगर उनकी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार को कम वोट मिले तो वह विधानसभा चुनाव में टिकट पर दावेदारी करने से बचे। इस बात की पुष्टि खुद भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने भी की है। यहीं निर्देश कांग्रेस पार्टी से है। ऐसे में चुनावी परिणाम बेशक कुछ भी हो, पर इस संदेश के बाद मंत्री व विधायकों ने कमर जरूर कस ली है।

दूसरी बात, जब भाजपा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह ने चार मई को नामांकन किया था तो ठीक एक दिन पहले भाजपा जिला की ओर से मीडिया में ई-मेल भेजकर यह सूचना दी गई थी कि चौधरी धर्मबीर के नामांकन में भाजपा के कई नेताओं के साथ-साथ राव इंद्रजीतसिंह की उपस्थिति भी होगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चौधरी धर्मबीर सिंह ने जब नामांकन दाखिल किया। उस दौरान राव इंद्रजीत सिंह नहीं पहुंचे। इस वजह से राजनीति गलियों में चर्चा शुरू हो गई कि अगर राव इंद्रजीतसिंह महेंद्रगढ़ जिला में धर्मबीर सिंह के लिए प्रचार नहीं करेंगे तो 'राव' वोट का ओर अधिक फायदा कांग्रेस उम्मीदवार राव दानसिंह को मिल जाएगा। लेकिन मंगलवार राव



राव इंद्रजीत सिंह धर्मबीर सिंह और राव दानसिंह।

इंद्रजीतसिंह ने खुद वीडियो जारी कर इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया। गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीतसिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा है कि एक भ्रम फैलाया जा रहा है कि 'चार मई को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार चौधरी धर्मबीरसिंह ने जब नारनौल में नामांकन दाखिल किया था, तब वहां राव इंद्रजीतसिंह जानबुझकर उपस्थित नहीं हुआ। जबकि हकीकत यह है कि जब मालमू हुआ कि चौधरी धर्मबीरसिंह चार तारीख को अपना पर्चा भरने जा रहे है तो उस टाइम तक अपने गुरुग्राम के कार्यक्रम तय कर दिए थे। वरना वह वहां पर जरूर उपस्थित होता। आज वह आप लोगों से यह कहना चाहते है कि 13 तारीख को जिला महेंद्रगढ़ का दौरा बन रहा है और उनका पूरा सहयोग व समर्थन चौधरी धर्मबीर सिंह को है। जो भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे है, उनकी बातों में ना आएं। जैसे हमने पहले धर्मबीर को जिताया था उसी तरह जीताना है।'

### लोस में करीब 19 लाख मतदाता

इस लोकसभा में करीब साढ़े 18 व 19 लाख के बीच मतदाता है। सर्वाधिक 7.35 लाख महेंद्रगढ़, 6.55 लाख भिवानी व 4.90 लाख के करीब दादरी जिला में मतदाता है। अनुमान है कि इनमें चार लाख जाट, तीन लाख यादव, 1.5 लाख ब्राह्मण, एक लाख राजपूत, 67 हजार धानक समाज, 52 हजार सैनी, 52 हजार खाती व 50 हजार कुम्हार समाज से मतदाता है। यह आंकड़ा राजनीतिक दलों से एकत्रित किए है।

## खबर संक्षेप

### अटेली खंड के किसानों की बैठक 9 को

**मंडी अटेली।** वृक्ष पेंशन मिशन हरियाणा की ओर से नौ मई को वृक्ष विरासत अभियान के तहत अटेली खंड के किसानों के खेतों में खड़े हुए वृक्षों की पेंशन के बारे महिला कॉलेज अटेली में बैठक होगी। राष्ट्रीय संयोजक वृक्ष पेंशन मिशन हरियाणा के कमल सिंह यादव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विशेष बैठक में वृक्षों की पेंशन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। यहां आवेदन लेने के लिए यह अंतिम दिन होगा। मीटिंग में सभी उन किसानों आमंत्रित किया गया है।

### एनवीएस भर्ती पदों की फिर बढ़ी अंतिम तिथि

**नारनौल।** नवोदय विद्यालय समिति के विभिन्न गैर-शिक्षण पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। एनवीएस गैर-शिक्षण विभिन्न पदों की अधिसूचना एनवीएस की आधिकारिक वेबसाइट नवोदय डॉट गॉव पर जारी की गई है। एनवीएस गैर-शिक्षण पदों में जूनियर सचिवालय सहायक, स्टेनोग्राफर, स्टाफ नर्स, एएसओ, ऑडिट असिस्टेंट, कैटरिंग सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन कम प्लंबर, मेस हेल्पर, मल्टी-टास्किंग स्टाफ आदि शामिल है। योग्य उम्मीदवार पहले 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते थे। फिर विभाग ने अंतिम तिथि को सात मई किया। किंतु अब एक बार फिर अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 मई कर दिया गया है। आवेदन 22 मार्च से शुरू हुए थे। एनवीएस को कुल 1377 पदों पर भर्ती करनी है।

### परशुराम जयंती पर 10 को होगा हवन

**महेंद्रगढ़।** ब्राह्मण सभा द्वारा परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 10 मई को हवन का आयोजन किया जाएगा। प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य एवं सचिव मनोज गौतम ने बताया कि परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### उन्हाणी से पकडी 53 पव्वे अवैध शराब

**कनीना।** कनीना पुलिस ने छापेमारी कर उन्हाणी से 53 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में कनीना शहर थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब को काबू किया। उन्होंने बताया कि उन्हाणी में एक व्यक्ति अपने रिहायशी मकान के सामने अवैध रूप से शराब बेच रहा था।

## नहर कॉलोनी में पिछले छह माह से बनी पेयजल की समस्या

# जनता की प्यास बुझाने वाले कर्मियों के खुद सूख रहे कंठ, विरोध में धरना

एसई ने एक माह पहले दिया था आश्वासन, कर्मी बोले, समस्या सुनने के बाद समाधान करने की बजाय अभद्रता करने लगे एक्शइन





महेंद्रगढ़। कार्यालय में धरने पर बैठकर नारेबाजी करते कर्मचारी व पानी के अभाव में सूखी पड़ी पार्क की घास। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जनता की प्यास बुझाने वाले सिंचाई विभाग के कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को ही इन दिनों पीने के पानी उचित समस्या नहीं होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले छह माह से बनी हुई है। विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि जब उन्होंने मंगलवार को विभाग के कार्यकारी अभियंता अजेंद्र सिंह सिहाग के समक्ष अपनी समस्या रखी। आरोप है कि उन्होंने अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसके बाद महेंद्रगढ़ डिवीजन के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। वहीं सिंचाई विभाग के नारनौल सर्कल के सभी कर्मचारियों व मिकाड़ा विभाग के कर्मचारी भी काम छोड़ कर हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों का कहना है कि बुधवार को सभी कर्मचारी सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव व विभाग के एससी के मुलाकात करेंगे। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा।

### 1982 में बनी थी कॉलोनी में रह रहे 20 परिवार

वर्ष 1982 में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के लिए कार्यालय के समीप नहर कॉलोनी बनाई गई थी, जिसमें वर्तमान में कर्मचारियों के करीब 20 परिवार रह रहे हैं। कॉलोनी बनाते समय कर्मचारियों के परिवार की सुविधा के स्टॉफ के लिए एक ट्यूबवैल भी लगाया गया था। ट्यूबवैल में तकनीकी समस्या आने के बाद तुरंत मरम्मत भी करा दी जाती थी, लेकिन छह माह पहले ट्यूबवैल खराब हो गया था। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी थी। कर्मचारियों की मानें तो उस समय विभाग के अधिकारियों ने ट्यूबवैल की मरम्मत कराने की बजाय पानी की कोई व्यवस्था करने के लिए कहा था। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि अगर अधिकारी ट्यूबवैल की समस्या का समाधान करने का प्रयास करते तो समाधान हो सकता था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण ट्यूबवैल पूरी तरह से ठप्प हो गया है। इसके बाद कर्मचारी अपने स्तर पर पानी की समस्या के समाधान में जुट गए थे।

### छह माह से पैसे खर्च कर पी रहे हैं पानी

सिंचाई विभाग का ट्यूबवैल ठप्प होने के बाद स्टॉफ सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों के समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है। विभाग के अधिकारियों जनस्वास्थ्य विभाग की लाईन से कनेक्शन लेने की बात कही थी। कर्मचारियों की मानें तो विभाग की ओर से रेलवे रोड पर चार इंच की पाइलाइन बिछाई हुई है, जिसमें सैकड़ों कनेक्शन जुड़े हुए हैं। इससे कॉलोनी के सभी परिवारों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी के लिए घर को बड़ी मोटर भी लगाई गई है, उसके बावजूद भी पानी नहीं पहुंच रहा है। अप्रैल माह नहर कॉलोनी की महिलाओं ने विभाग के एससी के समक्ष भी अपनी समस्या रखी थी। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। कॉलोनी में रह परिवार के सदस्यों को आए दिन अपनी जेब से पैसे खर्च करके पानी का टैंक बनवाना पड़ रहा हैं।

### सरकार के लाखों रुपये हो रहे बर्बाद

2023 में करोड़ों रुपये की लागत से विभाग का भवन बनकर तैयार हुआ है। इस तीन मंजिला भवन महेंद्रगढ़ डिवीजन, दादरी डिवीजन व मिकाड़ा विभाग के कर्मचारी बैठकर कार्य करते हैं। पानी के अभाव में करीब 28 लाख रुपये की कीमत से लगा कूलिंग सिस्टम भी खराब होता जा रहा है। कर्मचारियों के परिवार के लिए करीब 5 लाख रुपये की लागत तैयार किए गए पार्क की हालात भी खस्ता हो चुकी है। रीब एक लाख रुपये की लागत से लगाए गए पौधे भी सुखने लगे हैं। इसके अलावा शौचालय में आने वाली बदबू के कारण कर्मचारियों का कार्यालय में बैठकर काम करना भी मुश्किल हो गया है।



कनीना। गुढ़ा से कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे तक टूटी सडक का दृश्य।

# सड़क मार्ग टूटने से वाहन चालक परेशान, अधिकारी बने अनजान

- गुढ़ा रेलवे क्रॉसिंग फाटक से बस स्टैंड, चेलावास लिंक मार्ग व कनीना-महेंद्रगढ़ सडक मार्ग उन्हाणी के समीप टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव गुढ़ा से कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे को लिंक करने वाला रोड टूटने से सडक हादसों को बढ़ावा मिल रहा है। रेलवे क्रॉसिंग फाटक गुढ़ा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चौड़े मार्ग में गड्ढे होने वाहन चालक परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस मार्ग को 18 फुट अपग्रेड कर पुर्ननिर्माण की मांग की है। दूसरी ओर गुढ़ा-चेलावास लिंक मार्ग खंडित होने से रोडियां छिटक रही हैं। इस मार्ग को भाजपा की पहली पारी वासी सरकार में बनाया गया था। इस मार्ग से प्रतिदिन छोटे-बडे सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं। जिनकी जान दांव पर लगी रहती है। रोड सेफ्टी की दिशा में यह कमजोर पहलु है।

कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन के कारण दोनों ओर करीब दो सौ मीटर तक सड़क में गड्ढे बने हुए हैं। इस स्थान पर अनेक सड़क हादसे घटित हो चुके हैं। उसके बावजूद लोकनिर्माण विभाग की ओर से सड़क निर्माण करना दूर पैचवर्क भी नहीं किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी किसी बडे.हादसे के इंतजार में हैं। बीती 11 अप्रैल को उन्हाणी के समीप घटित स्कूल बस हादसे से इस टूटे रोड की दूरी महज 200 मीटर है। इस हादसे में छह स्कूली विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उसके बाद जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टी के नाम पर जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनवा दिए, लेकिन हादसों का कारण बन रहे टूटे रोड को दुरूस्त नहीं करवाया जा रहा है। वाहन चालकों ने टूटी सड़क को दुरूस्त करवाने की मांग की है।

## चोर कमरे से 31 हजार लेकर फरार एटीएम कार्ड से भी निकाले रुपये

**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला मनिहार में एक व्यक्ति का चोर एटीएम कार्ड व 31 हजार 500 रुपये लेकर फरार हो गया। इसके बाद चोर ने पीड़ित के एटीएम से 50 हजार रुपये भी निकाल लिए। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर रुपये बरामद करने तथा चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। यूपी निवासी हिरेंद्र कुमार गांव मुबारकपुर मीरा भनेड़ा जिला बिजनौर, फिलहाल शहर के मौहल्ला मनिहार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह यहां पर 13-14 वर्षों से रह रहा है। उसका रंग, पेंट व पुताई का काम है। उसके साथ गांव शेरूलपुर नंदपुर कलां, जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी अमन रहता था और उसके साथ काम करता था। उसने बताया कि पांच मई को वह सुबह 8:15 बजे अपने काम पर चला गया था और अमन कमरे पर ही था। अमन पीछे से उसके बैग में रखे एटीएम कार्ड व 31 हजार 500 रुपये निकाल कर ले गया। इसके बाद वह किसी एटीएम बूथ में जाकर उसके खाते से एटीएम कार्ड के द्वारा 50 हजार रुपये निकलवा लिए। जब वह शाम को काम समाप्त करके अपने कमरे पर पहुंचा तब उसे पता चला कि उसके कमरे से बैग में रखें नगद कैश व एटीएम कार्ड गायब मिले। अमन का मोबाइल फोन बंद आ रहा था। उसके टोटल 81 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी करके ले गया। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और उसके पैसे दिलवाए जाए।

## स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

- अधिकारियों को समय पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। पुलिस अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को एसपी अर्श वर्मा ने स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम में किसी भी बाहरी तथा अनाधिकृत व्यक्ति के आवागमन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी के लिए लगाए गए



महेंद्रगढ़। स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करते एसपी। फोटो : हरिभूमि


सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा गार्द का निरीक्षण किया और सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रखरखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के सभी प्वाइंटों का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए।

## सैनिक रेस्ट हाउस में शिफ्ट हो सकता है लघु सचिवालय, चर्चाओं का दौर जारी

- निर्माणाधीन लघु सचिवालय का 80 प्रतिशत काम हो चुका पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना में बनाए जा रहे लघु सचिवालय भवन का कार्य प्रगति पर है। जिसका अवलोकन समय-समय पर हलका विधायक सीताराम यादव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह की ओर से किया जाता रहा है। निर्माण कर रहे कारीगरों को भी दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। ग्राऊंड फ्लोर का कार्य लगभग पूरा हो गया है जबकि ओवरऑल 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। समझा जाता है कि अगस्त माह तक एसडीएम कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित हो सकता है।



बनाए जा रहे लघु सचिवालय भवन के निकट पहले से बने सैनिक रेस्ट हाऊस को वन विभाग द्वारा बनाए गए रेस्ट हाऊस में स्थानांतरित किया जाएगा। इस भवन को तोड़कर रास्ता एवं लॉन तैयार किए जाने की कार्ययोजना है।

## अधिकारी निर्धारित समय अवधि में सुनिश्चित करें संबंधित शिकायतों का समाधानः एसडीएम

- साप्ताहिक दरबार में 20 शिकायतों का मौका पर किया निपटारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम संजीव कुमार ने मंगलवार को प्रशासनिक भवन में लगे साप्ताहिक कैंप कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनी। इस मौके पर 20 शिकायतें आई, इनमें से एसडीएम ने अधिकतर का मौके पर ही निपटान किया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित जो भी शिकायत आती है, उसका समय अवधि में ही समाधान करें। किसी भी आमजन को बार-बार कार्यालय के चक्कर न कटवाएं। इस मौके पर अवैध कब्जे, बिजली व पानी,



परिवार पहचान पत्र व अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, एसईपीओ कृष्णपाल, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, बिजली विभाग से हिमांशु जांगड़ा, आयुष विभाग से अनिल कुमार, क्रीड विभाग से अनिता भालोठिया, रवि तंवर बसई, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह कुंडू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से बिरमा देवी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सहायक संदीप कुमार, रोजगार विभाग से राकेश कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग से आशीष व लिपिक प्रदीप कुमार इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे।

## सोमवार को नहीं पहुंचे थे नपा अधिकारी, खाली हाथ लौटी थी टीम

# रिकार्ड मिला, सैंपल लेने दोबारा आएगी विजिलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सैपलिंग के लिए महेंद्रगढ़ पहुंची विजिलेंस की टीम एक बार फिर से केवल टेंडर संबंधित कागजात लेकर वापस लौट गई है। टीम के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही टीम दोबारा से सैंपलिंग लेने के लिए महेंद्रगढ़ आएगी।

बता दें कि पिछली नगर पालिका का कार्यकाल भंग होने के बाद एसडीएम दिनेश कुमार के हाथों में नगर पालिका की कमान थी। एसडीएम के कार्यकाल के दौरान शहर में विकास कार्यों की झड़ी लग गई थी, लेकिन इसी के साथ ही शहर के लोग विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाकर इसका विरोध कर रहे थे। एसडीएम के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों की विजिलेंस की टीम को शिकायत दी गई थी। इन टेंडरों को लेकर कुछ ठेकेदारों व नगर पालिका की पूर्व प्रधान रही रीना बंटी के पति एडवाकेट सुरेंद्र उर्फ बंटी व कई ठेकेदार ने शिकायत की थी। उनकी शिकायत पर लंबे समय से जांच चल रही है, लेकिन अब यह जांच एंटी क्रप्शन ब्यूरो पंचकूला को सौंपी गई है।



शिकायतकर्ताओं का कहना है कि टेंडर छोड़ने में सोसायटियों की अनदेखी की गई। वहीं शहर में जो विकास कार्य हुए उनमें घटिया साम्रगी का प्रयोग किया गया है। उनका कहना है कि 50 लाख से नीचे के विकास कार्य सोसायटियों को अलॉट होने थे, लेकिन नपा के अधिकारियों ने एसडीएम के साथ मिलकर सभी कार्य अपने चेहते ठेकेदार को अलॉट कर दिए। सुरेंद्र बंटी ने अपनी शिकायत कहा है कि पांच व तीन करोड़ के हुए टेंडरों में नपा को करीब 33 फीसदी का नुकसान हुआ है।

### विजिलेंस की कार्रवाई चल रही है बेहद धीमी

विजिलेंस की टीम गत वर्ष मई माह में कागजात की जांच के लिए महेंद्रगढ़ आई थी। उस समय अधिकारियों ने टीम की ओर से मांगे गए सभी कागजात उपलब्ध करा दिए थे, लेकिन सोमवार को एक साल बाद टीम को दोबारा टेंडर संबंधित कागजात याद आए। टीम की ओर से दोबारा से नपा के अधिकारियों से टेंडर संबधित कागजात मांगे गए हैं। एक साल बीत जाने के बाद भी विजिलेंस की टीम शिकायत संबंधित कागजात नहीं जुटा पा रही हैं। वहीं जिस टेंडर हुए थे, उस समय नगर पालिका में कार्यरत सचिव प्रदीप कुमार, एमई योगेश राठी व जेई सागर मलिक नोटिस देने के बाद भी महेंद्रगढ़ नहीं पहुंच रहे हैं।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता

## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'

## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*



**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।





**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



**खबर संक्षेप**



नारनौल। जोरासी बांध वाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## जोरासी बांध वाले श्री वीर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**नारनौल।** जोरासी बांध वाले श्री वीर हनुमान मंदिर में मंगलवार को प्रातः 11 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह सुंदरकांड पाठ हर महीने के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाने लगा है तथा इसकी शुरूआत इसी साल जनवरी माह से हुई थी। बांध वाले मंदिर में हनुमान जी की साक्षात प्रतिमा के समक्ष मंदिर के पुजारी सुभाष चंद ने अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की और निवाजनगर के पूर्व सरपंच राजकुमार शर्मा के मुखारविंद से सुंदरकांड का शुभारंभ किया गया। उन्होंने धारूराय एंड पार्टी के साथ बेहद कर्णप्रिय संगीतमय पाठ किया। उनके द्वारा सुंदरकांड के दोहे व चौपाइयों का मधुर स्वर में गायन किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद बालाजी के भजनों से सारा माहौल हनुमानमय हो गया। उन्होंने भगवान श्रीराम के भी कई भक्तिमय भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी पवन शुक्ला, पंडित मोहन भारद्वाज, राजेश यादव, विजय कोरियावास, राजेश भाट, ओमप्रकाश गुप्ता, ज्ञानचंद बागोतिया, रविंद्र चौधरी, धर्मवीर, रविदत्त शर्मा समेत काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। सुंदरकांड पाठ के पश्चात ढाणी बाठोठा निवासी राजाराम यादव के बेटे एवं मार्केट कमेटी नारनौल के जेई विक्रम सिंह यादव ने परिवार समेत बाबा का प्रसाद (भंडारा) आयोजित किया।



नारनौल। हनुमान मंदिर जोरसी में भंडारा लगाने पहुंचे जेई विक्रम यादव एवं उनका परिवार। फोटो : हरिभूमि

### कमजोर विक्षोभ से मंगलवार को पूरे क्षेत्र में रही उथल- पुथल

# आने वाले 4 दिनों में प्रदेश के पश्चिमी दक्षिणी जिलों में बढ़ेगा लू का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर लगातार गर्मी का शिकंजा कसता जा रहा है। सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। आने वाले तीन चार दिनों तक इसी प्रकार की गतिविधियों को दर्ज किया जाएगा। मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गर्मी ने अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज़ करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम में उथल-पुथल चल रही है। हवाओं की दिशा और गति में भी बार बार बदलाव हो रहा है। कभी तेज गति से कहीं कहीं 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी गर्म हवाएं तो कभी-कभी दक्षिणी पूर्वी हवाएं चल रही है। विपरीत हवाएं चलने से सम्पूर्ण इलाके में आंशिक बादल वाही सूर्य की चमकदार धूप की तपिश बढ़ रही है। तापमान हिचकोले खा रहा है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस से 44.0 डिग्री सेल्सियस के बीच बने हुए हैं। साथ ही रात्रि तापमान में भी उछाल देखने को मिल रहा है। राज्य में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस से 27.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। जबकि जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल और महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमश 27.0 डिग्री सेल्सियस और 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य रात्रि तापमान से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। साथ ही साथ जिला महेंद्रगढ़ में दिन का तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है मंगलवार को नारनौल और महेंद्रगढ़ के दिन के तापमान क्रमशः 42.3-43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि आने वाले चार दिनों तक हरियाणा के पश्चिमी दक्षिणी जिले सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी में दिन के तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक तक पहुंचने की संभावना है जबकि मध्यवर्ती जिलों में 40.0-43.0 डिग्री सेल्सियस और पूर्वी जिलों 40.0 से 42.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना बन रही है।

### लू से बचने के उपाय

लू से बचने के लिए दोपहर के समय बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर बाहर जाना ही पड़े तो सिर व गर्दन को तौलिए या अंगोछे से ढक लेना चाहिए। अंगोछा इस तरह बांधा जाए कि दोनों कान भी पूरी तरह ढक जाएं। गर्मी के दिनों में हल्का व शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए। बाहर जाते समय खाली पेट नहीं जाना चाहिए। गर्मी के दिनों में बार-बार पानी पीते रहना चाहिए ताकि शरीर में जलआंश की कमी नहीं होने पाए। पानी में नींबू व नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार पीते रहने से लू नहीं लगती। गर्मी में ठंडाई का सेवन नियमित करना चाहिए। मौसमी फलों का सेवन भी लाभदायक रहता है जैसे, खरबूजा, तरबूज, अंगूर इत्यादि। गर्मी के दिनों में प्याज का सेवन भी अधिक करना चाहिए एवं बाहर जाते समय कटे प्याज को जेब में रखना चाहिए।

### लू से है यह अभिप्राय

उत्तरी भारत के मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गर्मियों में उत्तर-पूर्व तथा पश्चिम से पूरब दिशा में चलने वाली धुलभरी, प्रचण्ड उष्ण तथा शुष्क हवाओं को लू कहते हैं। इस तरह की हवा मई तथा जून में चलती है। लू के समय तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक जा सकता है।

## चिलचिलाती धूप में स्कूल से घर पहुंच रहे विद्यार्थी, तेवरों से हैरान आमजन

- अभिभावकों ने निजी स्कूल संचालकों से बसों के लिए टीनशैड लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

बैसाख माह में 42 डिग्री तापमान के चलते गर्मी के तीखे तेवरों से आमजन हैरान है वहीं दोपहर की चिलचिलाती धूप में स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी घर पहुंचने पर मजबूर हैं। गर्मी में निजी स्कूलों की बसें भी गर्म हो जाती हैं। जिनमें विद्यार्थी बमुश्किल बैठ पाते हैं।

अभिभावकों सुरेंद्र यादव, शौरभ यादव व सुरेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक निजी स्कूल की ओर से बसों को खड़ा करने के लिए टीनशैड बनाया जाए और बसों को शैड के नीचे खड़ा किया जाए। जिससे बसें अत्यधिक गर्म न हो सकें। विद्यार्थियों को भी तपती बसों व सीटों का सामना न करना पड़े। उनकी ओर से इस बारे में डीसी को पत्र भी लिखा गया है। इधर, गर्मी के चलते दोपहर के समय कनीना की सड़कें सुनसान दिखाई देने लगी हैं। सड़क से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई हैं। जिसे लेकर सड़कों पर चलने वाले वाहनों में आगजनी होने की घटनाओं की संभावना बन रही है। वहीं, कनीना विकास खण्ड के 53 गांवों में बने अधिकांश बरसाती पानी आधारित जोहड़ सूखे पड़े हैं। पशु-पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। नहरी पानी आधारित कुछ जोहड़ों में पानी है। ग्रामीणों ने सूखे जोहड़ों में पानी डालने की मांग की है। मंगलवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री व अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 302 दर्ज किया गया।

कृषि विभाग के अधिकारी डा. विकास कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में व तापमान में उतार.चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मई माह के पहले पखवाडे. में धूप-छांव देखने को मिलेगी लेकिन दिन का तापमाप भी 38 से 44 डिग्री सेल्यिस बना रहेगा।



नारनौल। टॉक शो में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## टॉक शो से विद्यार्थियों को अस्थमा की दी जानकारी

- दसवीं की छात्रा रिया ने निभाई एंकर की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

वर्ल्ड अस्थमा डे के उपलक्ष्य में शहर में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल के इंडोर स्टेडियम में टॉक शो व लघु नाटक के माध्यम से बच्चों को अस्थमा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को साइंस डिपार्टमेंट के सदस्य अभिनी बायो एवं अभिषेक कैमिस्ट्री के द्वारा तैयार किया गया। टॉक शो में एंकर की भूमिका रिया यादव कक्षा दसवीं सुपर अचीवर्स ने अदा की जबकि सीरत, हर्षिता, कबीर, ख्वाईश एवं रिया यादव ने डॉक्टर्स के रूप में अपनी भूमिका निभाई। एंकर रिया यादव ने सभी डॉक्टर्स से अस्थमा के बारे में विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे और डॉक्टर बने सभी छात्रों ने बहुत ही बढ़िया तरीके से प्रश्नों के जवाब देते हुए इस बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा चौथी से आठवी के विद्यार्थियों साहेब, यश, इसप्रीत, विहान, मिष्टी, आयुष, अंशु एवं ध्रुवी ने एक लघु नाटिका के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को समझाने का प्रयास किया कि अस्थमा अटैक आने एवं बेहोशी की हालत में कौन-कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए। कुल मिलाकर सभी बच्चों ने बताया कि अस्थमा एक सूक्ष्म जीवाणु जनित असंक्रामक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के फेफड़े एवं श्वसन तंत्र प्रभावित होते हैं। सांस फूलती है एवं सांस लेने में तकलीफ होती है। अलग-अलग मरीजों में इसके अलग-अलग लक्षण होते हैं। संस्था प्रिंसिपल उदय भान राव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में डॉक्टर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी एवं सह-सचिव डॉ. कर्ण चौधरी ने की।

**दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो काबू (रेवाड़ी)।** दहेज उत्पीड़न के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर थाना बावल पुलिस ने 28 मार्च को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने अलवर निवासी भवानीराम को गिरफ्तार कर लिया। कसोला थाना पुलिस ने 24 अप्रैल को दर्ज मामले में कापड़ीवास निवासी विक्की को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## शहीद नरेश कुमार की 27वीं बरसी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** चंदपुरा में शहीद नरेश कुमार की बरसी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा में मंगलवार को 1997 में शहीद नरेश कुमार की 27वीं बरसी सीआरपीएफ कैंप गुरुग्राम से कमांडेंट महेश्वरी रावत के नेतृत्व में आई टीम द्वारा मनाई गई। इस मौके पर सरपंच सरला देवी, शारदा देवी, कैप्टन वेदप्रकाश, समाजसेवी तेजप्रकाश, अजीत, संजय, संदीप, सुनील, अमीर सिंह, मंगतू राम सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सतीश कुमार ने बताया कि सन् 1997 में उग्रवादियों के साथ लोहा लेते हुए शहीद नरेश कुमार ने मां भारती के चरणों में अपने प्राणों की आहुति दी थी। गुरुग्राम से आई सीआरपीएफ की टीम ने बताया कि शहीद नरेश कुमार बहादुर सिपाही थे और निडरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। सीआरपीएफ हर वर्ष अपने शहीद जवानों को सलाम करने के लिए इस तरह के प्रोग्राम करती है। गांव वालों ने इस कार्य के लिए सीआरपीएफ की प्रशंसा की।

## हैप्पी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

- गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान के बारे में पूछे प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के प्राइमरी विभाग में इंटर हाउस मल्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, समाजिक ज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान से संबधित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक टीम में छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राइमरी विंग प्रभारी रेखा कौशिक की देखारेख में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवी तकके बच्चों ने भाग लेते हुए सदन अनुसार विषय वाइज (हिंदी सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, अंग्रेजी, रेपिड फायर से पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में 38 अंक लेकर प्रथम स्थान पर आर्यभट्टा, 36 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर पतंजलि, 34 अंक लेकर तृतीय स्थान पर पाणिनि सदन व प्रताप सदन रहे। प्रबंधक निर्देशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल द्वारा विजयी रहे सदन के बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास व बुद्धि निखारने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में समय-समय पर करवाता रहता है। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** जल शोधन प्रबंधन की जानकारी लेते हकेवि के विद्यार्थी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बीवॉक बायोमेडिकल साइंसेज कार्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने नारनौल स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने जल शोधन एवं प्रबंधन की तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। निदेशक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ विषय के प्रायोगिक ज्ञान के लिए समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन व दिशा-निर्देशन में विभाग विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन के लिए भी प्रयासरत है।

बायोमेडिकल साइंसेज कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. ऋचा ने बताया कि विभाग के द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने नारनौल स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया। प्लांट में कार्यकारी अभियंता आशुतोष यादव के नेतृत्व में जल शोध प्रबंधन के बारे में जाना। उन्होंने विद्यार्थियों को नहरी जल के संबंध में लिफ्ट सिस्टम की जानकारी भी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. प्रदीप कुमार व सुनील कुमार विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

## राजकीय स्कूल पाली में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्कूल पाली में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सरपंच देशराज सिंह फौजी ने बताया कि हरियाणा बोर्ड में 12वीं कक्षा के घोषित परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले ने प्रथम स्थान पाया है, वहीं दूसरी ओर हमारा गांव पाली महेंद्रगढ़ जिले में प्रथम स्थान पर रहा। इसके साथ-साथ अलग-अलग विषयों में उनके गांव के स्कूल के 19 बच्चों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने जो वादा किया था, वह पूरा करके दिखाया। हम सब का प्रयास रहेगा आगे भी यह कर्म ऐसे ही चलता रहे तथा ग्रामीणों से अपील करता है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजें, क्योंकि अब सरकारी स्कूल पहले जैसा सरकारी स्कूल नहीं है। किसी भी बच्चे को परेशानी या आर्थिक मदद की जरूरत पड़ती है तो संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर सरपंच देशराज सिंह, कमेटी प्रधान सूबेदार रामौतार, हवलदार रघुवीर सिंह, हवलदार जयपाल सिंह, सूबेदार मेजर अवधेश सिंह, सूबेदार महेंद्र सिंह, एमसी प्रधान सोमवीर सिंह, पंडित अनिल सिंह, पंडित काशीराम, विक्रम सिंह व सूबेदार वेदपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** स्वर्गीय तिवाड़ी के आवास पर उपस्थित श्रद्धांजलि देने वाले लोग।

### प्रधान के निधन पर श्रद्धांजलि देने वाले का लगा तांता

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम के प्रधान दयाशंकर तिवाड़ी के निधन पर मंगलवार को उनके आवास विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के लोग उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस मौके पर पूर्व मंत्री कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि दयाशंकर तिवाड़ी सच्चे गो-भक्त थे। उन्होंने गोसेवा आयोग के सदस्य रहते हुए जिले की गोशालाओं के लिए बहुत काम किया। गायों के लिए सवामणी की शुरूआत इन्हीं ने की थी जो आज पूरे प्रदेश की लगभग सभी गोशालाओं में गोभक्तों द्वारा की जाती है। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन के पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज ने कहा कि तिवाड़ी नेक दिल इंसान थे। उन्होंने हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती।



**महेंद्रगढ़।** खिलाड़ी का हौसला अफजाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गांव पाली में पुलिस ने आयोजित कराई खेल प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने मंगलवार को गांव पाली में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई। डीएसपी मोहम्मद जमाल ने गांव के युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देकर खेलों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में खेल प्रतियोगिता करने का मकसद युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है, ताकि युवा पीढ़ी नशे, दूसरे अपराधों से दूर रह सके और अपनी ऊर्जा का सही जगह इस्तेमाल कर देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान गांव के खेल मैदान में वॉलीबॉल, रस्सा-कसी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें जीतने वाली टीम को डीएसपी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। थाना सदर प्रबंधक एसआई धर्मबीर ने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया और कहा कि युवा अपनी ऊर्जा पढ़ाई, खेलों में लगाएं और अपने गांव, अपने देश का नाम रोशन करें। युवा नशे और अपराध से दूर रहें, नशा न करें और न करने दें। उन्होंने कहा कि अगर गांव में किसी प्रकार का अवैध नशा, अवैध गतिविधि हो रही हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### हरियाणा केंद्रीय विवि के पूर्व कुलपति सिन्हा ने अलग अलग विषयों

# मोदी की कार्यशैली पर पुस्तकें लिख विश्व को दिया संदेश

- नव भारत के निर्माण में मोदी की सोच को जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय वैश्विक मंच पर मोदी की क्षमता से लेकर विश्व के दृष्टिकोण पर भारत के राजनैतिक मंच की कैमिस्ट्री तक अपनी लेखनी में उतारने वाले डा. उदय प्रकाश सिन्हा ने नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर अनेक पुस्तकें लिखकर मोदी और विश्व पर सार गर्भित संदेश दिया। उदय प्रकाश सिंहा द्वारा लिखी गई पांच पुस्तकों के प्रकाशन उपरांत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय से उन्हें दूरभाष के माध्यम से संदेश भेजकर सफल प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, विशेषज्ञ सदस्य यूजीसी की अनेक समितियां, चेयरमैन नैक कमेटी संबंधित विश्वविद्यालय व महाविद्यालय, विशेषज्ञ सीएसटीटी सहित अनेक उच्चतम पदों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले डा उदय प्रकाश सिन्हा ने वर्तमान प्रवेश में मोदी की कार्यशैली को सार्थक रूप दिया। मोदी और विश्व, उनकी दृष्टि, रणनीति और उपलब्धियों के साथ विश्व के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश में संस्कारों और संस्कृति पर मोदी की उपलब्धियों के साथ-साथ विश्व की दस बिलियन इकोनोमी पर ब्लू प्रिंट पर मोदी जी की व्यवहारिकता पर तोला है।

जनसंख्या के आधार पर विश्व के दूसरे सबसे बड़े देश को किस आधार पर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के ब्लू प्रिंट को आमजन की सोच के साथ भी जोड़ा गया है।



**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली पर लिखी पुस्तक दिखाते हुए डा. उदय प्रकाश सिन्हा।

### भावी भारत के निर्माण के लिए बताया आवश्यक

भारती प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित अपनी पांचों पुस्तकों में मोदी और विश्व, डेवलपमेंट विद डिग्निटी, द ब्लू प्रिंट ऑफ ट्रिलियन इकोनॉमी, मोदी सरकार की उपलब्धियां, मोदी एंड वर्ल्ड के माध्यम से जटिल विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर मोदी जी की सार गर्भिता और उनके विजन को भावी भारत के निर्माण के लिए आवश्यक बताया। मोदी को लेकर भारत के तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ जनतंत्र को विशाल आकार देने पर प्रोफेसर उदय प्रकाश सिंहा की सोच को देश के नव भारत निर्माण हेतु सार्थक रूप देने पर हरियाणा सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, हरियाणा प्रदेश की युवा गतिविधियों के राज्य नोडल अधिकारी अनिल कौशिक, नगरपालिका की उपप्रधान मंजू कौशिक, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लवानिया, आरपीएस ग्रुप के सीईओ मनीष राव, चेयरपर्सन पवित्रा राव, हैप्पी एवरग्रीन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के एमडी मनीष अग्रवाल, हरियाणा सरकार की ग्रीवेंश कमेटी के सदस्य दिनकर बोहरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर दीवान, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, नपा पूर्व प्रधान रीना बंटी, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर मुकेश मैहता, नरेश चेयरमैन, नरेश जोशी, पूर्व शिक्षा अधिकारी भागवत स्वरूप गोयल, सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी रमेश शर्मा, शिक्षाविद चेतन प्रकाश गौड़, घनश्याम दास कौशिक एडवोकेट सहित अनेक गणमान्यजनों ने प्रोफेसर सिन्हा को बधाई दी।

## नारनौल में प्री-लोक अदालत 10 को

- 11 को आयोजित की जाएगी लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से 11 मई को सुबह 10 बजे सभी प्रकार के मामलों के निपटारों के लिए कोर्ट परिसर नारनौल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 10 मई को दोपहर 1.30 बजे मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे के लिए प्री-लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि 10 मई को कोर्ट परिसर नारनौल में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी, आईसीआईसीआई लांबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, भारत एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी (नाव मर्जड विद आईसीआईसीआई लांबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी), इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी व एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, यूनिवर्सल शौंपों जरनल इंश्योरेंस कंपनी व अन्य इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. वीरेंद्र प्रसाद व अधिवक्ता सुरेश कुमार की बैंच द्वारा की जाएगी। इसी प्रकार न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, एसीकेओ इंश्योरेंस कंपनी, जेयूएनएनओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी व गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. डीएन भारद्वाज व अधिवक्ता विजय कुमार की बैंच द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी व कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशि चौहान व अधिवक्ता गिरिबाला यादव की बैंच द्वारा की जाएगी। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी व लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी व अधिवक्ता केसर सिंह की बैंच द्वारा की जाएगी। इसी प्रकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी, फ्यूचर जनरल इंश्योरेंस कंपनी, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवरपाल सिंह व अधिवक्ता प्रवीण कुमार की बैंच द्वारा की जाएगी।

## बुचावास गांव से 59 नोजल व 630 फुट केबल चोरी

महेंद्रगढ़। क्षेत्र में खेतों से नोजल चोरी करने वाला गिरोह अब फिर से सक्रिय हो गया है। गांव बुचावास से अज्ञात चोर 59 नोजल व 630 फुट केबल चोरी करके ले गए हैं। इससे पहले भी चोर गांव झगड़ौली व पाली से नोजल चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। खेतों में बढ़ती चोरी की घटना से किसान चिंतित बने हुए हैं। क्योंकि एक फव्वारा नोजल 400 रुपये की कीमत से आता है। किरणपाल ने बताया कि वह गांव बुचावास का स्थाई निवासी है। बीती 29 अप्रैल को जब वह खेत में गया तो खेत से 13 नोजल चोरी हुई मिली। इसके बाद कुछ देर बाद पता लगा कि गांव के ही सुभाष की 24 नोजल व 100 फुट केबल, प्रेमपाल की 11 नोजल, रावत गांव नांगल हरनाथ की 10 नोजल व 200 फुट केबल, दयानंद नागंल हरनाथ की एक नोजल व 180 फुट केबल चोरी हुई मिली।

# बच्चे मां के नाम लिखेंगे मन की बात, उन्हें पढ़ माता भी बयां करेगी दिल की बात

- इस पत्र को सोशल मीडिया पर शेयर करना या वापस स्कूल में अध्यापक को जमा करवाना होगा
- मातृ दिवस को अलग अंदाज में बनाने की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग, माता के अलावा दादी या नानी के नाम भी लिखा जा सकता है पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मातृ दिवस 12 मई को है। शिक्षा विभाग इस मातृ दिवस के माध्यम से नन्हें विद्यार्थी व अभिभावकों के आपसी सकरात्मक विचार को एक-दूसरे के प्रति सांझा करने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी डीईईओ को पत्र भेजा है। उसके मुताबिक पहले कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के नन्हें विद्यार्थी अच्छी आदतें एवं संस्कार प्रदान करने में माता की ओर से की जा रही मदद को एक पत्र में लिखेगा और 12 मई को मातृ दिवस पर माता को देगा ताकि माता भी अपने बच्चों की भावनाओं को समझ सके। फिर माता की अपने बच्चे को उसी पत्र के माध्यम से विचार सांझा करेगी और स्कूल मंच या सोशल मीडिया मंच के माध्यम से शेयर करेगी। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार कक्षा वाइज अध्यापकों ने विद्यार्थियों को समझाना भी शुरू कर दिया है। निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत भाषा विकास के लिए शिक्षा विभाग अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। जिसमें ओआरएफ की प्रतियोगिता मुख्य हैं।



आज से स्कूलों में कक्षा अध्यापक विद्यार्थियों को इस पत्र के बारे में करवाएंगे अवगत

नारनौल। मातृ दिवस पर माता को लिखे जाने वाले पत्र की जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए अध्यापक।

लिखित भाषा के विकास के लिए लेखन प्रतियोगिता करवाई जानी है। जिसमें मातृ दिवस के संदर्भ में कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थी अपनी माता को पत्र लिखेंगे। विद्यार्थी अपनी बड़ी माता, दादी अथवा नानी को भी लिख सकते है। तय किए गए शेडयूल के मुताबिक कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए छह पंक्तियां व 60 शब्द सीमा तय की गई है। इसी तरह चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 10 पंक्तियां व 100 शब्द रहेंगे और पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 15 पंक्तियां व 130 शब्दों में लिखना होगा। इस पत्र में अपने मन के भावों, विचारों तथा अपनी श्रद्धा प्रकट करो के उद्देश्य से विद्यार्थी अपनी माता के बारे में, उनकी अच्छाइयों, उनके द्वारा दिए जाने वाले प्यार-दुलार, पालन-पोषण में किए जाने वाले अथक प्रयासों, पढ़ाई-लिखाई तथा अच्छी आदतें एवं संस्कार प्रदान करने में की जा रही मदद बारे उल्लेख करते हुए अपना आभार प्रकट करेंगे।

इसके साथ ही उनके द्वारा बनाए जाने वाले स्वादिष्ट भोजन तथा उनके द्वारा करवाए गए भ्रमण आदि बारे लिखेंगे। विद्यालय में कक्षा अध्यापक इस पत्र लेखन का ड्राफ्ट तैयार करके बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। सबको पत्र लेखन का अभ्यास करवाएंगे, जिसमें उनकी वाक्य विन्यास के साथ-साथ अशुद्धियों की जांच भी करेंगे।

### यह रहेगी समय सारणी

- सात मई मंगलवार को सभी प्राथमिक अध्यापक अपनी कक्षा के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उनकी लेखन में सहायता तथा निर्देशों का पालन करके प्रथम ड्राफ्ट बनाने में सहायता की गई।
- अब आठ मई को स्वच्छ ड्राफ्ट तैयार करने के लिए वाक्य विन्यास एवं अशुद्धियों की जांच कक्षा अध्यापक करेंगे।
- उसी दिन आठ मई को दोपहर में सभी विद्यार्थियों के ड्राफ्ट की जांच उपरांत पुनः लेखन तथा लिफाफे में डालने आदि का कार्य कक्षा अध्यापक करवाएंगे।
- इसके बाद 12 मई को सभी विद्यार्थी यह पत्र अपनी माता को सौंपेंगे। पत्र पढ़कर माता अपनी टिप्पणी दर्ज करेगी। सोशल मीडिया पर शेयर करेगी एवं बच्चे को सौंपेगी ताकि उक्त पत्र वापिस अध्यापक तक पहुंच सके।

इन गतिविधियों का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल (लेखन कौशल) का विकास करना है। इसकी पूरी रिपोर्ट निदेशालय की निपुण शाखा को भेजनी होगी ताकि इसकी एक पुस्तिका तैयार की जा सके।

## जिले में पीक पर कपास की बिजाई

# पिछले साल के रिकार्ड को पार कर सकते हैं किसान

**खरीफ के दौरान कपास की बिजाई में रुचि दिखा रहे जिले महेंद्रगढ़ के किसान, वह भी तब, जब नहीं है जिले में कपास की कोई मंडी**

- पिछले साल जिला महेंद्रगढ़ के किसानों ने लगभग 53 हजार एकड़ में की थी कपास की बिजाई, इस सीजन 17 हजार एकड़ में हो चुकी बिजाई, दस दिन और चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इस समय खरीफ सीजन की फसल कपास की बिजाई का समय पीक पर चल रहा है। इस कारण जिले के अनेक किसान कपास की बिजाई में जुटे हुए हैं। कपास की फसल यहां के किसान परंपरागत खेती खरीफ एवं रबी सीजन से हटकर बीच के सीजन में करने लगे हैं। पिछले साल जिले के किसानों ने लगभग 53 हजार एकड़ रकबे में कपास की बिजाई की थी। अबकी बार भी लगभग 17 हजार एकड़ में बिजाई हो चुकी है तथा लगभग दस दिन और चलेगी। ऐसे में पिछले साल के रकबे को इस साल भी कवर करने की पूरी संभावना है।

राजस्थान की भौगोलिक परिस्थिति से मिलती-जुलती पृष्ठभूमि वाले जिला महेंद्रगढ़ के किसानों की रुचि कपास की तरफ भी बढ़ने लगी है। पहले के किसान जहां यहां महज परंपरागत खेती रबी के समय सरसों एवं गेहूं तथा खरीफ के समय ग्वार-बाजरा की ही फसलें लेते थे, वहीं अब कपास की फसल भी लेने लगे हैं। कपास की फसल हालांकि पूरे जिले में नहीं ली जाती, लेकिन दिनोंदिन इसका रकबा बढ़ता ही जा रहा है। पिछले साल जिले में कपास की फसल करीब 53 हजार एकड़ में बिजाई की गई थी। अबकी बार भी एक मई से कपास की बिजाई की जा रही है और अब तक करीब 17 हजार एकड़ में कपास बोई जा चुकी है तथा अब भी कपास की फसल की अगले दस दिनों तक बिजाई की जानी है। संभव है कि इस बार भी किसान 53 हजार एकड़ को पार कर जाएंगे।



नारनौल। खातौली अहीर में कपास की बिजाई करते किसान। फोटो : हरिभूमि

यह बढ़ोतरी तब है, जब जिले में कपास की कोई मंडी नहीं है और न ही सिंचाई के पर्याप्त संसाधन हैं। नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव दोंगली के किसान कपास की फसल काफी पहले से लेते आ रहे हैं और इनकी देखादेखी अब आसपास के गांवों खातौली, कारोता एवं कमानियां के साथ-साथ अन्य कई गांवों के किसानों ने भी इसे अपना लिया है। कपास की फसल ऐसी है कि यह कम लागत में मोटा मुनाफा दे जाती है और मानसून सीजन बरसात का होने के चलते कपास की फसल आसानी से तैयार हो जाती है और यह ग्वार एवं बाजरे की तुलना में ज्यादा मुनाफा देने वाली मानी जाती है।

### गुलाबी सुंडी से बचाव के लिए करें यह उपाय

कपास फसल को गुलाबी सुंडी के प्रकोप से बचाने के लिए कपास की बनछटी (लकड़ियों) व बिनौले का भंडारण सावधानीपूर्वक करें, क्योंकि गुलाबी सुंडी भंडारित लकड़ियों में निवास करती है। किसान अपने खेत में या आसपास रखी हुई पिछले साल की लकड़ियों को झड़का कर बचे हुए टिंडों व पत्तों को नष्ट कर दें।

### कीटनाशकों के प्रयोग से बचें

डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि कपास की शुरूआती अवस्था में जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे मित्र कीटों की संख्या कम हो जाती है। किसान कपास के लिए अच्छे से अपने खेत को तैयार करें और फिर बिजाई करें।

### 15 मई से पहले कर लें कपास की बिजाई

उप निदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि किसान बीटी कपास की बिजाई 15 मई से पहले-पहले पूरी कर लें। बिजाई से पहले पलेवा गहरा लगाएं तथा बिजाई सुबह या शाम के समय ही की जानी चाहिए। पूर्व से पश्चिम दिशा में कपास की बिजाई ज्यादा लाभकारी होती है। कतार से कतार व पौधे से पौधे की दूरी 100 गुणा 45 सेंटीमीटर या 67.5 गुणा 60 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

### कृषि उपनिदेशक ने दी सलाह

दूसरी ओर कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने कपास की बुआई करने वाले किसानों को सलाह दी है कि बीटी कपास का बीज अधिकृत विक्रेता से ही खरीदे तथा इसका पक्का बिल जरूर लें। डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि किसान मिट्टी की जांच से आधार पर ही पोषक तत्वों की मात्रा तय करें। बीटी कपास की बिजाई के समय एक एकड़ में एक बैग यूरिया, एक बैग डीएपी, 30-40 किलोग्राम पोटाश व 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट (21 प्रतिशत) खेत की तैयारी के समय अवश्य डालें। गोबर की तैयारी खाद पूरे खेते में बिखेर कर खेत तैयार करें, ताकि पोषक तत्वों की पूरी मात्रा फसल को मिल सके।

# दान सिंह का रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

- खुली जीप में सवार इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ने किया सभी का अभिनंदन स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह ने मंगलवार को भिवानी में रोड शो निकला। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ढोल नंगाड़े और डीजे के साथ रोड शो ऑटो मार्केट से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों में होता हुआ दिनोद गेट पर संपन्न हुआ। रोड़ शो के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह खुली जीप में सवार होकर लोगों से उन्हें मत व समर्थन देने की अपील की। वहीं कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने जगह जगह कांग्रेस प्रत्याशी का फूल माला और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रोड शो के दौरान शहरवासियों द्वारा कई जगहों पर स्वागत के लिए द्वार बनाए गए थे। इस दौरान बाजार में व्यापार संगठन से जुडे दुकानदारों ने फूलमालाओं से राव दानसिंह सिंह का जोरदार स्वागत किया। राव दान सिंह ने कहा कि भिवानी मेरी जन्मभूमि है और महेंद्रगढ़ मेरी कर्मभूमि है। मैं अपनी जन्म व कर्मभूमि का कर्ज चुकाने के लिए जीवन भर में लोगों की सेवा करूंगा। युवाओं को ट्रेनिंग में स्किल मिलेगा और रोजगार क्षमता बढ़ेगी। लाखों को पूर्णकालीक नौकरी का अवसर प्रदान होगा। एक और भाजपा का पूरा चुनाव प्रचार नकारात्मक, जुमलेबाजी, झूठ व अफवाह पर टिका हुआ है। जनता को बताने के लिए न तो कोई उपलब्धि है न ही विकास करने, बेरोजगारी, महंगाई कम करके आम आदमी के आर्थिक, सामाजिक उत्थान का कोई एजेंडा है।

## पुलिस ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस विभाग की ओर से सीएल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने सड़क सुरक्षा नियम से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि सड़क पर चलते समय किसी भी अप्रिय घटना से खुद को बचाने के लिए सड़क सुरक्षा नियम की जानकारी होना आवश्यक है। ट्रैफिक थाना प्रभारी आसान तरीकों से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए। इसके साथ ही स्कूल बस ड्राइवरों को भी यातयात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया गया। बस चालकों को बताया गया कि शराब का सेवन ना करें, बसों के कागजात कंप्लीट रखें, चलाने से पहले वाहन को अच्छी तरह से जांचें कि कहीं कोई कमी तो नहीं है। ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा वीडियो के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन को भी खतरा बन सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे ट्रैफिक को लेकर सवाल-जवाब किए। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से कहा कि 18 वर्ष से कम आयु में वाहन नहीं चलाएं। बाइक पर प्रेशर हार्न का प्रयोग नहीं करना चाहिए।



नारनौल। सड़क सुरक्षा के नियम की जानकारी लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हकेंवि में पूर्व विद्यार्थियों से जानी काम की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों के लिए विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली ड्यूटी फ्री कंपनी में कार्यरत विभाग के पूर्व विद्यार्थी आयुष्मान, रिशु कुमार व रश्मि राज ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को इन्वेंटरी प्रबंधन, ग्राहक प्रबंधन, बिलिंग प्रक्रिया व रिटेल स्टोर में होने वाले ऑपरेशन की विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को अध्ययन के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र में आवश्यक कौशल विकास के संबंध में भी अवगत कराया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से वैश्विक बाजार में रिटेल व लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में तेजी से बढ़ते हुए अवसरों को विद्यार्थियों के लिए समझना आसान हुआ है। विभाग के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव को सांझा करते हुए बताया कि विभाग के द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम जैसे विशेषज्ञ व्याख्यान, पूर्व छात्र संवाद, औद्योगिक भ्रमण, ऑन द जॉब ट्रेनिंग एवं नई शिक्षा नीति पर आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ा रहा है।



महेंद्रगढ़। उद्योग जगत में कार्यरत पूर्व विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ।

# भाजपा ने खत्म की खर्ची-पर्ची की परंपराः धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महेंद्रगढ़.भिवानी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न गांवों को दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार के उचित अवसर प्रदान किए जाए रहे। पर्ची व खर्ची की प्रथा को जड़ से खत्म किया है। उन्होंने कहा कि किसानए मजदूर व आम वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कोई मुद्दा नहीं है और वो लोग घोषणा पत्र के अंदर बोलते हैं कि अगर हमारी सरकार आई तो दोबारा से धारा 370 को लागू करेंगे। सबको पता है 2014 से पहले देश में धारा 370 के कारण भय और आतंकवाद माहौल था। धर्मवीर सिंह ने बाढड़ा विधानसभा के गांव जीतपुरा, भारीवास, उमरवास, ढाणी खटीकान, काकड़ोली सरदारा, काकड़ोली हट्टी, हड़ौदी, हड़ोदा कला.खुर्द, मांढी हरिया, ढाणी अहिरान, मांढी पिरानू, मांढी केहर, जगरामबास, हुई, डालावास, बाढड़ा, पंचगांव,गोपी, काकड़ो हुकमी, लाडावास, द्वारका, श्यामकलान, डांडमा.भोपाली, सिरसली, कारी रूपा.दास, कारी धारणी, कारी आदु, कारी तोखा, नांगल चौधरी विधानसभा के गांव रघुनाथपुरा, गहली, हमीदपुर, गो, बलाहा, नांगलिया, दोचाना, बदोपुर, जादुपुर, भांखरीए खटोटी खुर्द.कलांए मक्सुस्पुर, थाना, कुलताजपुर, हसनपुर, रामबास, कोरियावास, मारोली, धानोता, दंचोली जाटन.राजपुत, निजामपुर, बामनवास, मोखूता, नारेडी, गावडी,पवेरा, नापला आदि गांव में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सिंचाई मंत्री उमेद सिंह यादव, विधायक धर्मपाल इंजीनियर खेतड़ी, चेयरमैन मनदीप लालावास, पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी, सुनील इंजीनियर, अशोक कादमा, उमेद पातूवास, बलवान आर्य, प्रदीप बाढड़ा, चंद्रपाल, दयाराम, रमेश तंवर, पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल, राजेन्द्र यादव मौजूद रहे।



भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 21 अगस्त को एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ की तो उसने बताया कि यूपी के राजपुर निवासी शिशपाल से उसने हथियार लिया था। पुलिस ने आरोपी शिशपाल को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ शुरू कर दी।



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बाजरे की भावांतर राशि के लिए सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- किसानों ने सरसों फसल की खरीद दोबारा शुरू करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

क्षेत्र के किसानों का बाजरा खरीदा गया था, लेकिन किसानों को अभी तक उन्हें भावांतर भरपाई योजना के तहत राशि नहीं मिली है, जिसको लेकर सामाजिक संगठनों एवं किसानों ने एक लिखित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार को सौपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की खरीफ की फसल में बाजरे की प्रमुख फसल है। इस फसल को सरकार ने एमएसपी पर खरीदने की घोषणा की थी, परंतु बीते वर्ष से सरकार क्षेत्र के किसानों का बाजरा खरीदा गया था। सरकार ने बाजरे की फसल पर 250 रुपये भावांतर भरपाई योजना के तहत देने की घोषणा की थी, परंतु वह राशि भी आज तक नहीं मिल पाई है। राजस्थान से स्टे दक्षिणी हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले से सरकार भेदभाव करती रही है और अब खरीद प्रक्रिया व मुआवजा देने में भी सरकार की उदासीनता दर्शा रही है। वर्ष 2020 में वर्षा के कारण कपास की फसल खराब हो गई थी, उसकी स्पेशल गिरदावरी कर एपीआर तैयार कर अन्य जिलों को मुजावजा दे दिया गया था, लेकिन महेंद्रगढ़ को मुआवजे से वंचित रखा गया। साथ ही उन्होंने मांग की है कि 2023 मार्च माह में सरसों-गेहूं की फसल कटी हुई फसल वर्षा के कारण खराब हो गई थी। आज तक किसानों को न तो बीमा की राशि व ना ही प्रदेश सरकार द्वारा मुआवजे की राशि मिली। यहां का किसान खेती बाड़ी पर ही निर्भर करता है तथा अपने परिवार का पालन पोषण करता है। प्राकृतिक आपदाएं इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा होती है। सरकार यहां के किसानों को उचित मुआवजा नहीं देती। कुछ किसानों को मुआवजा देकर अपनी वाहवाही लूट लेती है।

## उच्च मतदान से लोकतांत्रित प्रणाली की वैधता होती है मजबूत

# अधिक मतदान वाले 10 बूथों के बीएलओ होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में मतदान प्रतिशत की संख्या में वृद्धि के लिए लगातार कार्य रही सामाजिक संस्था प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट मतदाता जागरुकता अभियान के क्षेत्र में अनोखा कार्यक्रम करेगी।

इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि उच्च मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता और विश्वसनीयता को मजबूत करता है। इसलिए नागरिकों को संविधान में प्राप्त सबसे बड़े अधिकार अर्थात मतदान के अधिकार का जरूर प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत वृद्धि के इस अभियान में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट अब बूथ स्तर अधिकारी बीएलओ को सम्मानित करेगा।



नारनौल। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा। फोटो : हरिभूमि

विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि किसी भी चुनाव में गैर राजनीतिक स्तर पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका बीएलओ की रहती है। यह अधिकारी न केवल चुनाव के दौरान अपितु समान्य दिनों में भी मतदाता के सर्वाधिक संपर्क में रहता है।

इसलिए वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सर्वाधिक योगदान बूथ लेवल अधिकारी का रहता है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट लोकसभा चुनाव में नारनौल हल्का के पोलिंग बूथों पर सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले 10 बूथों के बीएलओ को सम्मानित करेगा।

### वोट प्रतिशत में बीएलओ की अहम भूमिका

इस संबंध में एक बैठक में ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज, सचिव डॉ मनोज आफ़रिया, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र यादव, भीमसेन शर्मा, नरोत्तम सोनी, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, बंसी लाल, मुकेश दहिया, अजय शर्मा, अमित कुमार, मीना, मोनिका, अनुपमा सुभाष सिंगला आदि ने प्रस्ताव पारित किया। बैठक में विचार व्यक्त करते हुए ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज व भीमसेन ने बताया कि बीएलओ लगातार मतदाताओं के वोट बनाने, शिफ्टिंग, नए मतदाता जोड़ने, आधार लिंक जैसे कार्यों के माध्यम से आपने क्षेत्र में कार्यरत रहते हैं। मतदाता उन पर विश्वास करते हैं इसलिए वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में बीएलओ का अहम रोल होता है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल विधान सभा के 10 ऐसे बीएलओ को सम्मानित करेगा, जिनके बूथ पर मतदान का प्रतिशत सर्वाधिक रहेगा। ऐसे बूथ लेवल अधिकारियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्रम एवं सम्मान पत्रक के साथ सम्मानित किया जाएगा।



मंडी अटेली। बाबा शरणाईंनाथ गोशाला कांटी में गायों के लिए सवामणी के उपस्थित परिवार। फोटो : हरिभूमि

## बाबा शरणाईंनाथ गोशाला कांटी में गायों के लिए सवामणी लगाई

मंडी अटेली। समाज कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त सैदपुर निवासी बाबू राजबीर सिंह के सुपौत्र सक्षम द्वारा फास्ट कैलकुलेशन में दो बार विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए जाने पर मोनिका गुप्ता उपायुक्त नारनौल द्वारा व गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने पर सक्षम यादव के दादा-दादी ने परिवार सहित बाबा शरणाईंनाथ गोशाला कांटी में गायों के लिए गेहूं दलिया, चना की चूरी, बिनौला, खल, मेथी, गुड़ व तेल का मिश्रण करके भट्ठी पर पकाकर गायों के खाने के लिए सवामणी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को एक गाय अवश्य पालनी चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005